आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 11.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचारः—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय बजट से पहले नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ विचार—विमर्श किया।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने 200 करोड़ के उत्तराखण्ड वेंचर फण्ड के तहत राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।
- मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के लाभार्थियों के बैंक खातों में 6 करोड़ 95 लाख रुपये की सहायता राशि डिजिटल माध्यम से भेजी गई।
- बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग तीसरे दिन भी जोशीमठ के पास भूस्खलन के कारण यातायात के लिए अवरूद्ध।

बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्रीय बजट से पहले नई दिल्ली में नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की। बैठक में वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पी के मिश्र, शीर्ष अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ मौजूद थे।

संसद का बजट सत्र 22 जुलाई को शुरू हो रहा है। 23 जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में वर्ष 2024—25 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों के संयुक्त बैठक के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण का प्रभावी दस्तावेज होगा। उन्होंने कहा था कि महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ ही इस बजट में कई ऐतिहासिक कदम देखने को मिलेंगे। लोकसभा चुनावों के कारण इस वर्ष फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था।

स्टार्टअप प्रोत्साहन

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने 200 करोड़ के उत्तराखण्ड वेंचर फण्ड के तहत राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उत्तराखण्ड वेंचर फण्ड के तहत ऐसे वैकल्पिक निवेश कोष को वरीयता देने के निर्देश दिए हैं जिनके माध्यम से उत्तराखण्ड की आर्थिकी पर ठोस सकारात्मक प्रभाव दिखे और राज्य में रोजगार सृजन, तकनीकी सांझेदारी और पूंजीगत निवेश को प्रोत्साहन मिले। मुख्य सचिव ने ऐसे निवेश कोष को प्राथमिकता देने पर जोर दिया है, जो राज्य के मुख्य केंद्रित सेक्टरों और उभरती हुई तकनीक में निवेश की रूचि रखते हों। उन्होंने कहा कि अधिकारी पर्वतीय अंचल में कृषि, मत्स्य पालन, बागवानी और दुग्ध उत्पादन से सम्बन्धित स्टार्टअप को स्थापित करने वालों की मदद करें। श्रीमती रतूड़ी ने अधिक से अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों व महिलाओं को स्थानीय उत्पादों विशेष रूप से स्थानीय मिलेट्स के उत्पादन और प्रसंस्करण के माध्यम से स्टार्टअप स्थापित करने में सहायता के भी निर्देश दिए।

गौरतलब है कि 200 करोड़ रूपये के उत्तराखण्ड वेंचर फण्ड का मुख्य उद्देश्य राज्य के स्टार्टअप ईकोसिस्टम में निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करना, युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना और उत्तराखण्ड में सकारात्मक आर्थिकी और सामाजिक प्रभाव सृजित करना है।

नीट यूजी सुनवाई

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट यूजी परीक्षा 2024 मामले की सुनवाई इस महीने की 18 तारीख तक के लिए स्थगित कर दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पार्टियों को केंद्र और एनटीए द्वारा दायर हलफनामों पर अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करने में सक्षम बनाने के लिए स्थगन दिया।

शीर्ष अदालत में आज विवादास्पद नीट–यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई होनी थी। इनमें 5 मई की परीक्षा के दौरान अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली और दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाएं शामिल हैं।

अनावरण

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में परिवार नियोजन के लिए सुगम मॉडल पहल का अनावरण किया। सुगम मॉडल को माँ और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधारण के स्वस्थ समय और अंतराल के लिए डिज़ाइन किया गया है। विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभागों के साथ एक वर्चुअल बैठक में श्री नड्डा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज का दिन भारत में परिवार नियोजन के अतीत, वर्तमान और भविष्य का आत्मनिरीक्षण करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आगामी रणनीतियों को राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के साथ लागू किया जाना चाहिए और उच्च जनसंख्या दर वाले राज्यों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

विश्व जनसंख्या दिवस

विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। रूद्रप्रयाग जिले में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया गया है। इसके तहत आज जिला चिकित्सालय, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय में आयोजित गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विमल सिंह गुसाईं ने कहा कि तेजी से बढ़ रही जनसंख्या से समस्याएं भी बढ़ रही हैं, जिसे देखते हुए भविष्य के लिए जनसंख्या स्थिरीकरण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या स्थरीकरण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत समस्त चिकित्सा इकाइयों में परिवार नियोजन सेवाएं, स्वास्थ्य शिक्षा और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना

महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के 5 हजार 7 सौ 47 लाभार्थियों के बैंक खातों में 6 करोड़ 95 लाख 73 हजार रुपये की सहायता राशि का डिजिटल माध्यम से हस्तांतरण किया। श्रीमती आर्य ने कहा कि कोरोना काल में महामारी समेत अन्य बीमारियों से माता–पिता अथवा संरक्षक खो चुके बच्चों की देखभाल के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना लाई गई थी। बाल विकास मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार बच्चों के हितों के लिए काम कर रही है।

बदरीनाथ मार्ग अवरूद्ध

चमोली जिले में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग आज तीसरे दिन भी जोशीमठ के पास भूस्खलन के कारण सड़क यातयात के लिए बाधित है। हालांकि राज्य आपदा मोचन बल के जवानों द्वारा तीर्थयात्रियों को पैदल रास्ता पार कराया जा रहा है। वहीं, पातालगंगा लंगसी टनल और भनेरपानी के समीप कल हुए भूस्खलन के बाद मलबा साफ कर लिया गया है और आवाजाही शुरू हो गई है।

वहीं, चमोली जिले के जोशीमठ में सड़क मार्ग बंद होने से पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री के साथ जोशीमठ से हेलिकॉप्टर के जरिए गोपेश्वर पहुंचाया गया। दूरस्थ मतदेय स्थल द्रोणागिरी, जुम्मा, कोषा और अरूडी पटूडी की पोलिंग पार्टियों को गोपेश्वर पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर की सहायता ली गई।
इस बीच, मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में कल कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## एम्स ऋषिकेश

सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एम्स ऋषिकेश ने अब प्रत्येक रोगी में तपेदिक की जांच करने का निर्णय लिया है। अस्पताल में भर्ती मरीजों सहित ओपीडी में आने वाले प्रत्येक रोगी को इसके दायरे में लाया जायेगा। एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने बताया कि नयी व्यवस्था को लागू करने और रोगी को चिन्हित करने के लिए विशेष फॉर्मेट तैयार किया गया है। प्रोटोकॉल के तहत बाह्या रोगी विभागों, विभिन्न वार्डों और विशेष क्लीनिकों में आने वाले सभी रोगियों से टीबी लक्षणों को लेकर पूछताछ कर निश्चित फॉर्मेट में अंकित करना अनिवार्य किया गया है।

## प्रतिबंध

नैनीताल जिले की धारी तहसील प्रशासन ने गौला और कलसा नदी व उसकी सहायक नदियों के साथ–साथ परीताल, भालूगाड़, हरीशताल, लोहाखाम तालों और सभी नदियों, गधेरों, तालाबों और पोखरों में नहाने, जलक्रीड़ा करने तथा आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है। पिछले कुछ सालों में पदमपुरी के पास कलसा नदी में बने परीताल में नहाते हुए चार लोगों की मृत्यु हुई है। इस कारण वर्षाकाल को देखते हुए यह प्रतिबंध लगाये गये हैं।

## जन औषधि केंद्र

चंपावत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी जन औषधि केंद्र का लाभ मिलने लगा है। सहकारिता विभाग को औषधि केंद्र का संचालन करने का लाइसेंस मिलने के बाद जिले में जन औषधि केंद्रों का संचालन शुरू हो गया है। इन जन औषधि केन्द्रों में जेनेरिक दवाइयां कम कीमत पर मिलने से लोगों को लाभ मिल रहा है। जिले में सहकारिता विभाग के सहायक निबंधन अधिकारी सुभाष चंद्र गहतोड़ी ने बताया कि चंपावत जिले में पांच समितियों में जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य दिया गया था जिसमें से रौलामेल, बाराकोट, धर्मघर और चंपावत में जन औषधि केंद्रों का संचालन शुरू हो गया है ,जबकि धूरा समिति में भी शीघ्र इसका संचालन होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के आयुष विभाग द्वारा प्रत्येक समिति के लिए दो–दो लाख रुपए की धनराशि प्रोत्साहन के रूप में दी गई है। साथ ही जिला प्रशासन ने भी इन समितियां को हाईटेक बनाने के लिए जिला योजना के माध्यम से चार–चार लाख रुपए की धनराशि आवंटित की गई है।

## अंतिम विदाई

केदारनाथ की विधायक शैला रानी रावत का राजकीय सम्मान के साथ आज ऋषिकेश स्थित त्रिवेणी घाट में अंतिम विदाई दी गई। इससे पूर्व आज दिवंगत विधायक शैला रानी रावत का पार्थिव शरीर उनके आवास से आम जनता के दर्शनों के लिए अगस्त्यमुनि खेल मैदान में लाया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनमानस ने उन्हें श्रद्धांजिल दी।